**Super Thermal Power Station for Delhi**

217. SHRIMATI JAYANTI PATNAIK: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether Government have taken a decision to set up a super thermal power station for Delhi;

(b) if so, when such proposal is expected to be implemented;

(c) the location the super thermal power station proposed to be set up in Delhi; and

(d) the progress made so far in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) to (d). A proposal to set up a super thermal power station near Delhi is under consideration of the Government.

**गुजरात में बिजली की कटौती**

218. **श्री मोती भाई आर० चौधरी :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) गुजरात में अप्रैल, 1982 से सितम्बर, 1982 तक की अवधि के दौरान कितने दिन बिजली की 25 प्रतिशत से अधिक कटौती की गई, इसके क्या कारण थे और कितनी कटौती की गई;

(ख) राज्य में हाल ही की मानसून के दौरान हुई अत्यल्प वर्षा को ध्यान में रखते हुए आगामी सर्दी के मौसम में सिंचाई प्रयोजन के लिए किसानों को बिजली की नियमित सप्लाई सुनिश्चित करने हेतु क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं ; और

(ग) क्या अच्छी किस्म के कोयले की कमी तथा भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड संयंत्रों में दोषों के कारण बार बार बिजली चले जाने की घटनाओं को कम से कम किया जाएगा ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) :** (क) गुजरात में सप्लाई की किसी भी श्रेणी पर ऊर्जा की कोई कटौती नहीं है । विद्युत कटौती के उच्च वोल्टता वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं की अधिकतम मांग पर लगाई गई है । अप्रैल, 1982 से सितम्बर, 1982 के बीच उन दिनों की संख्या जब मांग पर कटौती 25 प्रतिशत से अधिक थी और कटौती की मात्रा नीचे दी गई है :—

विद्युत की मांग पर कटौती की मात्रा और उन दिनों की संख्या जब कटौती 25 प्रतिशत से अधिक थी ।

| महीना | 30 प्रति० | 35 प्रति० | 40 प्रति० | 45 प्रति० | 50 प्रति० |
|---|---|---|---|---|---|
| अप्रैल, 1982 | 7 | 8 | — | 1 | 1 |
| मई, 1982 | — | 2 | — | — | — |
| जून, 1982 | — | 1 | 1 | — | 5 |
| जुलाई, 1982 | 4 | 6 | 1 | — | 1 |
| अगस्त, 1982 | 1 | 5 | 12 | — | 7 |
| सितम्बर, 1982 (24 तारीख तक) | — | — | 7 | — | 17 |